# रामराज सड़क हादसे में किशोर की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामराज।** थाना क्षेत्र में दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक 15 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

पुलिस को दी गई तहरीर में रहड़वा गांव निवासी मोहन पुत्र जल सिंह ने बताया कि उनका पुत्र कार्तिक (15 वर्ष) अपने गांव के ही सोहनवीर उर्फ सोनू पुत्र रोशन के साथ प्लेटिना बाईक पर सवार होकर गांव लौट रहा था। बताया गया कि जैसे ही सोहनवीर बाईक लेकर पंजाब फार्म के सामने पहुंचा, तभी सामने से आ रही दूसरी बाईक के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में कार्तिक और सो. हनवीर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही कार्तिक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोनों मोटरसाइकिलें हादसे में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। रामराज थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह सिरोही ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# श्याम गुणगान महोत्सव में सजेगा अद्भुत संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री श्याम परिवार सुखी संसार समिति (रजि.) द्वारा आयोजित चतुर्दशम श्री श्याम गुणगान महोत्सव में इस बार विशेष आकर्षण के रूप में 10 वर्षों बाद वृंदावन से नंदू जी महाराज की भजन प्रस्तुति होगी। श्याम भक्तों के लिए भक्ति, संगीत और श्रद्धा का अद्भुत संगम सजने जा रहा है। शनिवार को भरतिया कॉलोनी में श्री गणपति धाम मंदिर में मीडिया से कार्यक्रम की जानकारी साझा करते हुए समिति के संरक्षक भीमसेन कंसल ने बताया कि इस अवसर पर 'कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आणो है और 'श्याम दरबार में अमृत बरसे' जैसे भजनों से भक्तों को भावविभोर करने के लिए वृंदावन से नंद



किशोर शर्मा नंदू जी महाराज 10 वर्षों के बाद मुजफ्फरनगर पहुंच रहे हैं। उनके साथ मध्य प्रदेश से अधिष्ठा अनुष्का तथा मुजफ्फरनगर से मयंक धीमान भी अपनी भजन प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय बनाएंगे। दिल्ली से शिवम इंटरनेशनल म्यूजिकल ग्रुप भी अपनी मधुर संगीतमय प्रस्तुति देगा। समिति के प्रधान अमित गुप्ता ने बताया कि समिति समय-समय पर धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करती रही है। इसी क्रम में इस वर्ष का यह चतुर्दशम आयोजन भी विशेष रूप से भव्य और आकर्षक बनाया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर बाबा श्याम का मनमोहक श्रृंगार, अलौकिक दरबार, छप्पन भोग और भव्य सजावट श्र(ालुओं के आकर्षण का केंद्र होंगे। इस अवसर पर राजीव गोयल (गुरुजी), अमित गोयल, ललित बंसल, विवेक अग्रवाल, नवीन गर्ग, अमित गोयल (मोंटू), शशांक राणा, प्रियंक गर्ग, जेपी गोयल, अनिल गोयल, अमरीश सिंघल, विकास अग्रवाल (कन्नू), अशोक मालपानी, लो. केश गोयल, सुनीत मित्तल, गौरव गर्ग, गौरव जिंदल, अंकित अग्रवाल, अंकुश अग्रवाल, पराग अग्रवाल, अतुल गोयल, मुकेश गर्ग, रजत गोयल और अग्रिम सिंघल सहित समिति सदस्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### स्मार्ट मीटर के विरोध में महिलाओं का प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर।** स्मार्ट मीटर को लेकर अभी भी लोगों में भय बना हुआ है। जनपद मुजफ्फरनगर में ही नहीं अन्य जनपदों में भी स्मार्ट मीटर का पूर जोर विरोध हो रहा है।

शनिवार को शाहपुर क्षेत्र की सैकडों महिलाओं ने स्मार्ट मीटर को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और विद्युत विभाग की गलत बिल और अनियमित विद्युत कटौती का आरोप लगाते हुए अन्य समस्याएं भी अधिकारियों के समक्ष रखी। महिलाओं का प्रतिनिधि मंडल बुढ़ाना तहसील में जारी सम्पूर्ण समाधान दिवस में संबंधित अधिकारियों को समस्याओं से अवगत कराया। महिलाओं ने कहा कि उनकी बिना अनुमति के स्मार्ट मीटरों को जबरदस्ती लगाया जा रहा है। महिलओं ने विधायक के न मिलने पर भी नाराजगी जताई। बता दे कि यूपी के कई जिलों में यही नहीं दूसरे राज्यों में भी स्मार्ट मीटर को लेकर लोगों में आक्रोश है। एक तो बिना अनुमति के स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है दूसरा उपभोक्ता को सप्लाई कटने की जानकारी भी नहीं हो पाती। अधिकारी यह कह रहे है कि बिल के पैसे खत्म होने पर मोबाइल में उसका मैसेज आता है, लेकिन अधिकतर लोग यही कहते मिले कि उन्हे जानकारी ही नही होती।

### एसपी देहात ने चौकी का किया निरीक्षण

**बुढ़ाना।** एसपी देहात अक्षय महाडीक ने शनिवार को बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की उमरपुर पुलिस चौकी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने चौकी की कार्यप्रणाली, साफ सफाई व अभिलेखों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने चौकी प्रभारी मोहित तेवतिया और अन्य पुलिसकर्मियों को अपराध नियंत्रण, गश्त व्यवस्था व जन शिकायतों के निस्तारण को लेकर कड़े निर्देश दिए। शिकायतों को गंभीरता से सुनें। लंबित प्रार्थना पत्रों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें। पुलिस का व्यवहार जनता के प्रति संवेदनशील व मददगार हो।

### एसपी सिटी ने मंसूरपुर थाने का किया निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस अधीक्षक नगर अमृत जैन ने शनिवार को मंसूरपुर थाने का निरीक्षण किया। इस समय वह अपनी टीम के साथ थाने पहुंचे थे। एसपी सिटी ने यहां थाने के कार्यालय, कम्प्यूटर कक्ष, आगन्तुक कक्ष, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क, भोजनालय मालखाना का भी निरीक्षण किया। इसके बाद उन्हाने अपराध रजिस्टर रख-रखाव और लम्बिवत विवेचनाओं का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी खतौली मती रूपाली राय, थाना प्रभारी मन्सूरपुर विपिन त्यागी सहित पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### वाणिज्य विभाग ने किया फेयरवेल का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज मुजफ्फरनगर के वाणिज्य विभाग द्वारा अंतिम वर्ष के विद्वार्थियों के सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह (फेयरवेल पार्टी) का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज परिसर के सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों एवं अतिथियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारम्भ द्वीप प्रज्ज्वलन एवं गणेश वन्दना के साथ किया गया। इसके पश्चात वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशफाक अली ने अतिथि डॉ. पूनम शर्मा को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में वंश कुमार ने ''मिटटी की लुगाई'' गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके पश्चात भूमिका, कीर्ति, आयुश, लवी प्रताप, आदित्य वीर, शिवम पंवार, सोनू, अंकुर दीप सीमरन जीत कौर, वंशिका शर्मा, पलक, श्रुति ने एक के बाद एक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की कोर्डिनेटर अनिका बालियान रहीं। पार्टी में मानसी एवं सलीना आहूजा ने एंकरिंग करके सबका मन मोह लिया। छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं उपहार भेंट करके किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करके आशीर्वाद दिया गया। अन्त में सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने एक समूह फोटो खिंचवाया। अनुशासन व्यवस्था में सहायक प्रोफेसर मुकेश कुमार डॉ. अनिरूद्ध कुमार, सागर चौहान, रीतू, पूजा सिंघल आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

### भाकियू 'अ' का 6 को होगा तहसील में धरना

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने 6 मई को बुढ़ाना तहसील में धरना प्रदर्शन का ऐलान किया है। संगठन ने तहसीलदार पर लगातार भ्रष्टाचार, आवारा पशुओं की समस्या व भसाना शुगर मिल द्वारा गन्ना भुगतान में देरी और स्मार्ट मीटर से किसानों को हो रही परेशानी को लेकर एसडीएम के समक्ष विरोध दर्ज कराने का फैसला लिया है। भाकियू अराजनैतिक बुढाना के ब्लॉक अध्यक्ष पिन्टू ठाकुर और तहसील बुढ़ाना अध्यक्ष सुभाष मलिक ने बताया कि मंगलवार 6 मई को सुबह साढे 10 बजे सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता तहसील परिसर में एकत्र होंगे। यहां से प्रदर्शन करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। संगठन का आरोप है कि तहसील बुढ़ाना में तहसीलदार स्तर पर लगातार भ्रष्टाचार हो रहा है। किसानों के काम बिना सुविधा शुल्क के नहीं हो रहे। खेतों में आवारा पशु फसल बर्बाद कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। भसाना शुगर मिल द्वारा किसानों का गन्ना भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा। बकाया भुगतान से किसान आर्थिक तंगी झेल रहे हैं। गांवों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर से बिल ज्यादा आ रहे हैं। तकनीकी खामियों से किसान परेशान हैं। पिन्टू ठाकुर ने पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से कहा कि 6 मई को वे ज्यादा संख्या में तहसील बुढ़ाना पहुंचें।

### संत चावरा स्कूल में सेरेमनी का आयोजन

**शाहपुर।** क्षेत्र की प्रसिद्ध प्रमुख शिक्षण संस्था संत चावरा स्कूल में वर्ष 2026 -27 के लिए इन्वेस्टर सेरेमनी का किया गया आयोजन। आयोजित हुए इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी संजय भारती जी व आधार सुपरवाइजर जीनत चौधरी एवं स्कूल प्रबंधक फादर जार्ज उपस्थित रहे।

अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य मैथ्यू जॉर्ज ने की। अतिथियों ने स्कूल के नवनिर्वाचित छात्र परिषद के प्रतिनिधियों को बैच व स्कार्फ पहनाकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य आज ने बताया कि इन्वेस्टर सेरेमनी एक महत्वपूर्ण अवसर है। यहां पर सात्विक त्यागी, हर्षिका त्यागी, अक्षित चौधरी, कनक त्यागी, आरव बालियान, पूर्णिमा बालियान, देव शर्मा, वाणी त्यागी, ,अनुकरण कुजूर, नित्या वर्मा , जैविक बालियान, शिवाक्षी बालियान और अन्य कैबिनेट पदाधिका. रियों को शपथ ग्रहण कराई गई।

# लंबित मांगों को लेकर डीआईओएस कार्यालय पर विशाल धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शनिवार को जिलाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार जैन के नेतृत्व में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक पर विशाल धरना दिया।

**शिक्षक संगठनों की प्रमुख मांगें:** प्रदेश उपाध्यक्ष शिवकुमार यादव ने कहा कि शिक्षकों की उपेक्षा से प्रदेश भर का शिक्षक त्रस्त है। जनपद और प्रदेश स्तर पर लंबित मांगों का यथाशीघ्र निस्तारण जरूरी है। जिलाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार जैन ने कहा कि पुरानी पेंशन और धारा 18, 21 शिक्षकों के सम्मान के लिए आवश्यक हैं। विभागीय अधिकारियों से बार-बार अनुरोध के बावजूद लंबित प्रकरणों का



ससमय निस्तारण नहीं हो रहा है, जो चिंता का विषय है।

**डीआईओएस कार्यालय पर हठधर्मिता का आरोप:** जिला मंत्री अरुण कुमार ने कहा कि डीआईओएस कार्यालय की हठधर्मिता के कारण चयन वेतनमान, प्रोन्नत वेतनमान, वेतन निर्धारण जैसी समस्याएं समय पर नहीं सुलझ रही हैं।

जिला कोषाध्यक्ष संजय कुमार मोघा ने कहा कि विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली से जनपद का शिक्षक दु:खी है।

**धरने में शामिल रहे प्रमुख शिक्षक:** धरने को वरिष्ठ शिक्षकों ने भी संबोधित किया। इसमें प्रधानाचार्य सुरेन्द्र सिंह, रंजन सिंह पुण्डीर, सुभाष सिंह, पदमाकर यादव, विनोद कुमार, रीना यादव, नमन जैन, सुरेन्द्र पाल सिंह, हंस कुमार, बिजेन्द्र बहादुर, आवेश कुमार, धीरेन्द्र कुशवाहा, सुभाष चन्द, विरेन्द्र पटेल, बृज बिहारी धूरिया, असित सिंह, डॉ. अमित कुमार वर्मा, राजीव कुमार, हरेन्द्र सिंह, इमरान अहमद, शुभम पाल, राहुल कुमार, सुनील कुमार गोयल, विजय कुमार शर्मा, हेमन्त बिश्नोई, रूपक वर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# पिता को मृत दिखाकर पड़ोसी को बेच दी सम्पत्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ग्राम कम्हेडा के इस्माइल ने जिसकी उम्र करीब 75 वर्ष है, ने अपने बेटे पर मृत दिखाकर उसकी बिना अनुमति के सम्पत्ति बेचने का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत पुलिस कार्यालय में की गई जहां पुलिस की लिखापढ़ी में भी वृद्ध को मृतक दिखाने का आरोप दिखाया गया। पुलिस अधिकारियों ने इस मामले में अधिनस्थ अधिकारी को जांच कर कार्यवाही के आदेश दिए है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव कम्हेडा निवासी इस्माइल अपनी बेटे जावेद के साथ शनिवार को पुलिस कार्यालय पहुंचा और अपने तीसरे नम्बर के बेटे आबिद पर आरोप लगाया कि उसने उसको यानि के अपने पिता इस्माइल को मृत दिखाकर 44 गज का प्लाट गुलबहार को बेच दिया है। मामला कुछ भी हो और सम्पत्ति क्यो बेची गई, किस कारण से बेची गई यह तो अलग बात है, लेकिन एक बेटे ने अपने पिता को कागजों में मृत दिखा दिया और पुलिस के कागजों में इस्माइल को मृतक घोषित किया गया। पुलिस कार्यालय पहुंचे जावेद और उसके पिता इस्माइल ने इस मामले में जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

# पीड़ितों से मिलने पर गिरफ्तारी, भाजपा सरकार की तानाशाही:ज़िया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विगत दिनों मीरापुर विधानसभा के ग्राम ककरौली में व्यापारी नरेश अग्रवाल के घर में घुसकर हमला करने वाले भाजपा नेता पर सख्त कानूनी कार्यवाही न होने व पीड़ित व्यापारी से समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर मुलाकात करने जा रहे सपा जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी व उनके साथ मौजूद सपा पदा. धिकारियों को पीड़ित व्यापारी व उनके परिजनों से मिलने से रोकते हुए ककरौली पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया।

सपा जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी के साथ सपा प्रदेश सचिव चौधरी इलम सिंह गुर्जर,सपा जिला महासचिव सोमपाल सिंह कोरी,सपा नेता पवन बंसल, विधानसभा अध्यक्ष सादिक चौहान, रजनीश यादव, जिला पंचायत सदस्य हाजी मूसा,अरशद मलिक, शाहनवाज मलिक, अनुज गुर्जर, लोकेंद्र कुमार जिलाध्यक्ष सपा बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी, राशिद मलिक भोपा,अंकित राणा आदि को गिरफ्तार कर थाना ककरौली पर लाया गया।

# भाकियू तोमर ने जिला आपूर्ति अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) किसान और आमजन कि समस्याओं को लेकर किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल पश्चिम यूपी के प्रदेश अध्यक्ष रिहान तोमर के नेतृत्व में जिला पूर्ति अधिकारी से मिला भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के कार्यकारी युवा प्रदेश प्रभारी ने गैस कि काला बाजारी और मिठाईयों पर मिलावटी नकली मावे को लेकर एक बड़ा ऐलान किया था कि दो मई को संगठन जिला पूर्ति अधिकारी पर धरना प्रदर्शन करेगा लेकिन जैसे ये जानकारी जिला पूर्ति अधिकारी को हुई तो उन्होंने तत्काल प्रभाव से यूनियन के नेताओं से संपर्क साधा काफी देर बाद नेता माने और जिसके चलते आज 11 लोगो का प्रतिनिधि मंडल ने 14 सूत्रीय मांगों ज्ञापन जिलापूर्ति अधिकारी को सोपा जिसमें मुख्य मांगे थी कि जनपद में जितनी भी गैस



एजेन्सी है उन्हें तत्काल प्रभाव से आदेशित किया जाए कि काला बाजारी पर रोक लगायी जाए सिलेंडर पर गैस कटोती ना हो और कुछ एजेन्सी है जो किसान और आमजन के साथ धोखाधड़ी कर रहे जिनकी पर्ची होती है उन्हे सिलेंडर ना देकर दूसरों लोगों को सिलेण्डर देते हैं और उनसे दूगनी तीन गुनी किमत वसूली जाती है और मेरठ रोड पर कोपहैड गैस गोदाम है वो बहुत गैस कि काला बाजारी कर रहा है नकली मिठाई और मावे पर भी शिकंजा कसा जाए। इस मोके पर मोहम्मद साजिद, मुकेश गुर्जर , राजन चौधरी, दीपक तोमर, हुसैन राजपूत, सलीम, हर्ष चौधरी, मोहम्मद परवेज, चंद्रवीर आदि रहे।

# डॉ. सत्येन्द्र ने अखिलेश संग मंच किया साझा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष व वरिष्ठ शिक्षक नेता डॉक्टर सत्येन्द्र पाल ने पार्टी नेतृत्व के विशेष आमंत्रण पर लखनऊ स्थित सपा प्रदेश मुख्यालय पहुंचकर सपा सुप्रीमों व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव संग मंच साझा किया। यहां शिक्षकों की समस्याओं व संगठन विस्तार को लेकर गहन चर्चा हुई। पार्टी कार्यालय में हुई बैठक में सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने डॉक्टर सत्येन्द्र पाल से शिक्षक सभा की गतिविधियों का फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज का मार्ग दर्शक होता है। शिक्षक सभा को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाए ताकि पार्टी की नीतियों व विचारधारा को जन जन तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने पुरानी पेंशन बहाली, वित्तविहीन शिक्षकों के मानदेय, तदर्थ शिक्षकों के विनियमितीकरण व स्थानांतरण नीति में सरलीकरण जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठाए। अखिलेश यादव ने आश्वस्त किया कि सपा हमेशा शिक्षक हितों के साथ खड़ी रही है। सरकार बनने पर इन सब मांगों को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा। गौरतलब है कि डॉक्टर सत्येन्द्र पाल लंबे समय से शिक्षक राजनी. ति में सक्रिय हैं।

सभा में प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के बाद से वे लगातार संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं।

डॉक्टर सत्येन्द्र पाल के लखनऊ में सपा प्रमुख से मुलाक. ात की सूचना पर वेस्टर्न यूपी के शिक्षक संगठनों व सपा कार्यकर्ताओं में उत्साह है। यहां पार्टी के कई वरिष्ठ नेता व शिक्षक सभा के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

# संयुक्त वैश्य मोर्चा ने जाना पीड़ित का हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** संयुक्त वैश्य मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल ककरौली पीड़ित परिवार नरेश अग्रवाल से मिलने पहुंचा। शलभ गुप्ता एडवोकेट मुख्य संयोजक एवं सलाहकार ने जानकारी दी कि आज संयुक्त वैश्य मोर्चा जनपद मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ककरौली नरेश अग्रवाल से मिला ओर पीड़ित परिवार का हाल जाना प्रतिनिधिमंडल में कृष्ण गोपाल मित्तल, शलभ गुप्ता एडवोकेट, अमित गुप्ता एडवोकेट, सुनील तायल, यश गोयल बोपाडा, मनीष गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद गर्ग, शिवम राजवंशी, दिनेश कुमार गोयल, गौरव गुप्ता, विनोद गर्ग आदि



पहुंचे।

पीड़ित परिवार की ओर नरेश अग्रवाल ओर उनकी धर्मपत्नी शशि अग्रवाल जिनके हाथ की हड्डी टूटी हुई है और पीड़ित घायल है उनकी आप बीती जानी गांव वालो से भी मुलाकात की ओर तुरंत शीर्ष अधिकारियों से बात की ओर हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग की जिस पर तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद कार्यवाही हुई।

## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की हमारा भाई शाहजेब गलत संगत में पड़ गया है। हमारे कहने सुनने में नहीं है। ऐसी स्थिति में हम सभी 5 भाईयो ने संयुक्त रूप से मिलकर अपने भाई शाहजेब व उसकी पत्नि उजमा से नाता तोड़ लिया है। भविष्य में उक्त दोनों के किसी भी कृत्य - लेनदेन व अन्य किसी भी कार्य की हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होंगी।

**समीर, दानिश रहमान, आशु रहमान, तमशीर व शोयब पुत्रगण मरहूम सैफुर्रहमान निवासी 191, शाहबुद्दीनपुर रोड, ज़ाकिर कालोनी मुज़फ्फरनगर।**

# ग्रेजुएशन सेरोमनी का हुआ आयोजन

**छपार।** भारत आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज में शनिवार को ग्रेजुएशन सेरोमनी का आयोजन किया गया। जिसमें कालेज के 38 छात्र-छात्राओं की बीएएमएस पास आउट होकर चिकित्सक बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। उप प्रधानाचार्य डा. उत्कर्ष नेहरा ने सभी प्रशिक्षु चिकित्सकों को नैतिक आचरण और चिकित्सा पद्धति के प्रति समर्पित रहने की शपथ दिलाई गई। इसके बाद प्रशिक्षु चिकित्सकों को प्रबंधक डा. मोहम्मद अकरम व उपाध्यक्ष डा. रविश आलम के द्वारा ग्रेजुएशन का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। प्रशिक्षु चिकित्सकों के अभिभावकों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। अपने बच्चों को चिकित्सक बनते देखकर उन्होंने गले लगाकर बधाई दी। डा. रविश आलम ने कहा कि आज कालेज व अभिभावकों के लिए बेहद खुशी का दिन है, क्योंकि 38 बच्चों ने बीएएमएस पा आउट की है। उन्होंने कहा कि सभी प्रशिक्षु चिकित्सक निस्वार्थ होकर जनसेवा करें। वह उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है। कार्यक्रम को डा. मोहम्मद अकरम ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान प्रधानाचार्य डा. अन्जेय कुमार, डा. कुशल, डा. अभिषेक राणा, डा. रितू, डा. सागरिका, स्नेहलता व अर्चना डॉ आयशा सलमानी डॉक्टर अलीना फरीदी इकरार फरीदी वसीम सलमानी दीपक त्यागी जयवीर सिंह मोहम्मद शादाब मोहम्मद फरहान यतिन कुमार मोहम्मद शहजाद रुबीना फरीदी जमशेद खान आदि मौजूद रहे।

# पदग्रहण समारोह का भव्य आयोजन

**मीरापुर।** सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल मीरापुर में पदग्रहण समारोह एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान मन्शा बतूल को 96 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर 15 हजार रुपये, आबिदी जेहरा को 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर 10 हजार रुपये, सादिया को 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर 5 हजार रुपये तथा चित्राक्षी को 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर 3100 रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। समारोह में विद्यालय की नई छात्र परिषद की भी घोषणा की गई। आदर्श कुमार को हेड बॉय तथा मंदीप कौर को हेड गर्ल नियुक्त किया गया।

# मानस आध्यात्मिक साहित्य की अमर रचना: स्वामी ओमानन्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शुकतीर्थ/मोरना।** भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम में राम कथा के शुभारम्भ अवसर पर पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज ने व्यासपीठ का पूजन कर मुरारी बापू को शाल एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। स्वामीजी ने बापू को महामुनि श्री शुकदेव जी का चित्र भेंट किया। मानस मर्मज्ञ ने कथा से पूर्व पीठाधीश्वर की वाणी को सहज भाव से सुना।स्वामी ओमानंद महाराज ने कहा कि आत्मकल्याण के लियष्ट जितने भी साधन हैं, उनमें राम कथा सर्वोत्तम, सरल, सुविधाजनक एवं सबसे ज्यादा फलदायी है, जो सत्य और मर्यादा का आचरण करना सिखाती है।

उन्होंने कहा कि राम चरित मानस सम्पूर्ण मानव जाति का सच्चा पथ प्रदर्शक है, जो लोक मर्यादा और चरित्र निर्माण की शिक्षा देता है। मानस का दर्शन समन्वय का दर्शन है। मानस भारतीय जीवन और संस्कृति का दर्पण है। दीप प्रज्ज्वलन संयुक्त रुप से पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज, हनुमतधाम से महामंडलेश्वर स्वामी केशवानन्द महाराज, दंडी आश्रम से जनार्दन स्वरुप ब्रह्मचारी ने किया। श्री शुकदेव आश्रम के ट्रस्टी ओमदत्त देव, कथा व्यास अंचल कृष्ण शास्त्री एवं सुमन कृष्ण शास्त्री, ठाकुर प्रसाद, दीपक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

**पीठाधीश्वर ने कथा यज्ञमान को किया सम्मानित:** युगांडा से पधारे कथा यज्ञमान श्री चेतन भाई ने सपत्निक व्यास पीठ पर पुष्प अर्पित कर पूजा की। पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द ने यज्ञमान को शक्ल भेंट कर आशीर्वाद दिया। मंच पर पधारे संतों को श्री चेतन ने शक्ल और दक्षिणा दी। श्री शुकदेव संस्कृत विद्यालय के बटुकों ने स्वस्तिवाचन किया। प्रधानाचार्य जीसी उप्रेती, हरिद्वार से कथावाचक आये हनुमान दास, मनोहर लाल शर्मा, आचार्य युवराज आदि उपस्थित रहे।

# कुतुबपुर दताना में दो पक्षों में खूनी संघर्ष

## गोली लगने से दो ग्रामीण हुए घायल, एसपी देहात ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** आपसी विवाद के चलते 2 पक्षों में संघर्ष हुआ। मामूली कहासुनी के बाद फायरिंग हुई। जिसमें दोनोंघ पक्षों के 2 युवक गोली लगने से घायल हो गए। घटनास्थल पर पहुंची बुढाना पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। एसपी देहात ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया।

गांव कुतुबपुर दताना निवासी मोनू पुत्र घसीटू प्रजापति शनिवार की सुबह अपने घर से तेज़ गति से ट्रेक्टर चलाता हुआ शीशपाल पुत्र ब्रजलाल राजपूत के घर के पास पहुंचा तो इसी समय शीशपाल के साले पारुल पुत्र ईश्वर ने इसका विरोध किया तो मोनू अनले घर पहुंचा और यहां पहुंचकर पारुल को गोली मार दी जो पारुल के पेट में लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मोनू ने 3 फायर किए। जिसमें पारुल को 1 गोली लगी बाकी 2 गोली हवा में चली। घटना के तुरंत बाद ही आरोपी मोनू को दबोच लिया। और धारदार हथियार से उसको भी घायल कर दिया। इसके बाद दोनो पक्ष के लोग आमने सामने आ गए। जैसे ही यह जानकारी पुलिस को मिली तो कोतवाल सुभाष बाबू अत्री और टीम के साथ मौके पर पहुंच गए, लेकिन इस समय तक हमलावर मौके से फरार हो गए थे इस समय दोनो युवक लहुलूहान अवस्था में थे पुलिस ने घायलों को तुरंत ही सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हे जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया।

घायलों की पहचान प्रथम पक्ष के पारूल पुत्र ईश्वर व द्वितीय पक्ष के मोनू पुत्र घसीटू निवासी ग्राम कुतुबपुर दताना के रूप में हुई। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पारूल व मोनू के बीच किसी बात को लेकर कहा. सुनी हुई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्ष आमने सामने आ गए और मारपीट के बाद फायरिंग शुरु हो गई। गोली लगने से दोनों पक्षों के एक एक युवक घायल हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी देहात अक्षय संजय महाडीक खुद घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर बुढ़ाना पुलिस को सख्त निर्देश दिए।

एसपी ग्रामीण ने कहा जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस के अनुसार इस प्रकरण में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। इस फायरिंग में प्रयुक्त हथियारों की बरामदगी और फरार हुए आरोपियों की गिरफ्तारी होगी। कुल मिलाकर मामूली सी बात पर हुआ विवाद चर्चाओं में हैं।

# जन्म कहीं भी हो कर्म से महान बन जाता है मनुष्य:मोरारी बापू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** पौराणिक तीर्थ नगरी में स्थित श्री शुकदेव आश्रम परिसर में आयोजित श्री राम कथा का वर्णन बिश्व प्रसिद्ध सन्त मोरारी बापू द्वारा किया जा रहा है।शनिवार शाम कथा का शुभारंभ साधु सन्तो की उपस्थिति के बीच मंत्रोच्चार के उपरांत विधिवत रूप मे किया गया। प्रथम दिवस कथा व्यास मोरारी बापू ने भगवान शुकदेव की कथा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि शुकदेव शब्द में शुक यानी तोता नामक पक्षी जुड़ा है पक्षी विचरण करते हैं।साधु भी विचरण करते हैं रामायण में अनेक स्थानों पर तुलसीदास जी पक्षियों का विशेष वर्णन किया है।शुक्रताल में वह छठी बार कथा कर रहे हैं । पतित पावनी गंगा तट पर शुकदेव मुनि की तपोस्थली पर कथा करने का उन्हें गौरव प्राप्त हो रहा है। शुकदेव भगवान में अनेक गुण विद्यमान है। सूर्य जैसा तेजस्वी जल जैसा तरल आकाश जैसा व्यापक पर्वत जैसा अटल धरती जैसा सहनशील सहनशील चरित्र है। भगवान की सेवा प्रत्यक्ष नहीं होती। मन्त्रो के द्वारा हम भगवान की शरणागति प्राप्त करते हैं। केवल साधु की सेवा प्रत्यक्ष होती है। जन्म कहीं भी हो कर्म से मनुष्य महान बन जाता है कर्म व जन्म दोनों महान हो ऐसे व्यक्ति तुलसीदास जी हैं। तुलसीदास जी ने प्रत्येक की वंदना की है तथा साधु की अनेक स्थानों पर विशेष वंदना की है साधु के अपमान को कृष्ण भगवान ने भी बर्दाश्त नही किया। साधु का अपमान होने पर सुदर्शनचक्र स्वयं ही चल जाता था। ग्रहण करना व धारण करना दोनों अलग है। सेवा, श्रवण, ग्रहण ,धारण यह शास्त्रीय चिंतन है जो लिखा हुआ है इसका अर्थ समझने के लिए सहिंता को जानना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कुंवर जगदीश प्रसाद में मेधावी सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड ने विद्यालय का गौरव बढ़ाने वाले जनपद के टॉपर छात्र वंश सैनी और जिले में 8वें स्थान पर रहे मेधावी छात्र अंशु सिंघल को शनिवार में कुंवर जगदीश प्रसाद सनातन धर्म इंटर कॉलेज प्रबंधन समिति ने सम्मानित किया। झांसी रानी के निकट स्थित कॉलेज परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में जिले के टॉपर छात्र वंश सैनी और अंशु सिंघल को कॉलेज प्रबंधन ने एक मेडल, 11वीं कक्षा का पूरा कोर्स देने के साथ अपनी ओर से हर संभव मदद किए जाने की घोषणा की। छात्र वंश सैनी ने 600 अंकों में से 581 अंक और अंशु सिंघल ने 553 अंकों के साथ टॉप टेन सूची में नाम दर्ज कराने में सफलता हासिल की। जनपद के टॉपर छात्र वंश सैनी ने 96.83 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में पहला स्थान प्राप्त किया, वहीं अंशु सिंघल ने 92.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जो जिले की मजबूत शैक्षणिक स्थिति को दर्शाता है।इस दौरान मुख्य रूप से कार्यक्रम में कुंवर जगदीश प्रसाद सनातन धर्म इंटर कॉलेज प्रबंध समिति अध्यक्ष शिवचरण गर्ग, शंकर स्वरूप बंसल, सुखदेव मित्तल, मंत्री सतीश गर्ग, अमित गर्ग, अंशुल भूषण, जनार्दन स्वरूप, वैभव मित्तल, नवीन ठेकेदार, विपिन सिंघल, अनुराग, राघव, अरविन्द भारद्वाज, शरद गोयल, विनोद पाराशर, रोबिन सिंघल के अलावा शिक्षक कर्मी एवं बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

### हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के टॉपर सम्मानित

**मोरना।** कस्बा भोकरहेड़ी इंटर कालेज में शनिवार को आयोजित सम्मान समारोह में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की टॉपर छात्राओं को सम्मानित किया गया। कालेज का हाई स्कूल परीक्षा का परीक्षा परिणाम 99.5 प्रतिशत व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम 84 प्रतिशत रहा। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन राजेश कुमार व विशिष्ट अतिथि भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पंडित रामकुमार शर्मा, प्रबंधक डॉ. करणवीर सिंह व समाजसेवी विचित्र वीर सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। हाई स्कूल में छात्रा आफरी अंसारी ने प्रथम निहां सालेह सिद्दीकी ने दूसरा तथा माही ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है जबकि इंटरमीडिएट की परीक्षा विज्ञान वर्ग में खुशबू पालीवाल प्रथम, वंशिका द्वितीय व मीनाक्षी तृतीय स्थान पर रही। जिन्हें अतिथियों ने पटका पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य कैप्टन प्रवीण चौधरी ने छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य रामेश्वर राम, नवनीत पांडे, दिनेश शर्मा, अमित कुमार प्रदीप कुमार, कपिल कुमार, गोविंद वर्मा,उत्तम मलिक, नीरू, निशु, मंजू रानी आदि मौजूद रहे।

### नाली पर कब्जे से घर की नींव खतरे में

**खतौली।** नगर पालिका की लापरवाही एक बार फिर सवालों के घेरे में है। जैन मंडी क्षेत्र में एक वरिष्ठ महिला पिछले सात महीनों से अपनी समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन अब तक उन्हें राहत नहीं मिल सकी है। शनिवार को आयोजित तहसील दिवस में पीड़ित महिला डॉ. ज्योति जैन ने एक बार फिर अपनी फरियाद अधिकारियों के सामने रखी। उन्होंने एडीएम (एफ) और उपजिलाधिकारी ललित मिश्रा को शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि उनके घर के पास की सार्वजनिक नाली पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। इस अतिक्रमण के कारण गंदा पानी सीधे उनके मकान की नींव तक पहुंच रहा है, जिससे भवन की मजबूती पर गंभीर खतरा पैदा हो गया है। डॉ. जैन के मुताबिक, कब्जे वाले स्थान पर गड्डे बनाकर पानी जमा हो रहा है, जो मच्छरों का प्रजनन स्थल बन चुका है। इससे आसपास के लोगों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने बताया कि पहली शिकायत 13 नवंबर 2025 को दर्ज कराई थी, जिसके बाद 29 जनवरी 2026 को दोबारा प्रार्थना पत्र दिया गया, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही मिला। पीड़िता ने प्रशासनिक उदासीनता पर नाराजगी जताई। थक-हारकर एक बार फिर न्याय की उम्मीद में तहसील दिवस पहुंची महिला की शिकायत पर एडीएम और एसडीएम ललित मिश्रा ने संज्ञान लिया।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी समस्याएं

**बुढ़ाना।** यूपी शासन के निर्देशों के क्रम में शनिवार को तहसील बुढ़ाना में सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ। एसपी देहात अक्षय महाडीक ने पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के साथ फरियादियों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनी। उनके त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतू संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। एसपी देहात ने समाधान दिवस में मौजूद सब अधिकारी कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी कि तहसील दिवस में आई शिकायतों की मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें। पीड़िताओं को तत्काल न्याय दिलाना पुलिस की पहली जिम्मेदारी है। उन्होंने फरियादियों को बढ़ते साइबर अपराध व साइबर ठगी के बारे में जागरुक किया। ओटीपी किसी से साझा न करें। लालचवश ऑनलाइन ठगी का शिकार न बनें। साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी भी दी गई। यहां राजस्व, पुलिस, विकास, आपूर्ति, विद्युत आदि विभागों की कई शिकायतें आई जिनमें से कुछ शिकायतों का तुरंत निस्तारण हुआ।

### गांव जौला का मेन मार्ग ढाई माह से है अधूरा

**बुढ़ाना।** ग्राम जौला का मुख्य रास्ता पिछले ढाई माह से निर्माण के लिए तरस रहा है। विधायक निधि से गुलजार लिल्ला मुखिया की दुकान से लेकर इंतजार हाकम अली के मकान तक सीसी रोड बनाया जाना है। ठेकेदार पुराना सीसी रास्ता उखाड़कर चला गया लेकिन नया निर्माण शुरू नही किया। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात से पूर्व ही रास्ता उखाड़ दिया गया था। अब हल्की बारिश में भी पूरे रास्ते पर कीचड़ व गड्डे हो जाते हैं। स्कूली बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों का निकलना दूभर हो गया है। शनिवार को बुढ़ाना तहसील दिवस में जौला यूथ क्लब के महासचिव जीशान अहमद ने ये समस्या प्रमुखता से उठाई। उन्होंने तहसीलदार को शिकायत देकर बताया कि लंबे समय से गांव का मेन मार्ग बदहाल है। निर्माण कार्य ढाई माह से अधर में है। उन्होंने तहसीलदार से मांग की कि संबंधित विभाग व ठेकेदार को निर्देशित कर जल्द से जल्द रास्ते का निर्माण कराया जाए ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। तहसीलदार ने आश्वस्त किया कि मौके पर जांच कराकर निर्माण कार्य शुरु करा दिया जाएगा।

# कांग्रेस की नौजवान बचाओ यात्रा को रोकने पर पुलिस से नोकझोंक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कांग्रेस की नौजवान बचाओ यात्रा निकल रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका तो यात्रा निकालने की जिद पर अड़ गए पुलिस भी सख्ती पर उतर आई घंटो चली नौकझोंक नौकझोंक के बाद कांग्रेसी कंपनी बाग में ही विरोध में धरने पर बैठ गए, धरना देर शाम तक जारी रहा। पुलिस ने देर रात तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं के घेराबंदी रखी और उन्हें नजर बंद रखा।

दरअसल कांग्रेस की किसान नौजवान बचाओ यात्रा प्रस्तावित थी, जो कंपनी बाग से मीनाक्षी चौक, अहिल्याबाई चौक तक होते हुए निकाली जानी थी। शनिवार शाम करीब चार बजे कांग्रेस के युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला, युवा राष्ट्रीय सचिव विकास चौधरी और युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष आकाश त्यागी के नेतृत्व में इसे शुरू करने का प्रयास किया गया। जैसे ही कार्यकर्ता कंपनी बाग से आगे बढ़ने लगे तो नगर कोतवाली, खालापार पुलिस, सिविल लाइन और नई मंडी थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचकर यात्रा को पूरी तरह रोक दिया। कंपनी बाग से निकलने वाली इस यात्रा को भारी पुलिस बल ने वहीं रोक दिया। जिससे कांग्रेस के युवा कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए उन्होंने नारेबाज़ी शुरू कर दी।कांग्रेसियों ने इसका विरोध करते हुए आगे बढ़ने और सड़क तक आने की कोशिश की तो उनकी पुलिसकर्मियों के साथ तीखी झड़पें हुई। दोनों पक्षों के बीच करीब एक घंटे तक गहमागहमी और नोकझोंक की स्थिति बनी रही, जिससे मौके पर तनाव का माहौल हो गया। इस के बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व जिलध्यक्ष पंडित सुबोध शर्मा, राकेश पुंडीर आदि के साथ यात्रा रोके जाने और पुलिस की सख्ती के विरोध में कांग्रेसियों ने तुरंत प्रदेश मुख्यालय को पुलिस की हुटधर्मी से अवगत कराया। इसके बाद विरोध में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता कंपनी बाग के बाहर धरने पर बैठ गए और जमकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

**मोरना।** सहारनपुर से शुरू हुई कांग्रेस की नौजवान-किसान बचाओ यात्रा शनिवार को गांव ककराला पहुंची, जिसमें कांग्रे. सियों ने भाजपा सरकार पर नौजवान और किसान विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए जमकर नारे बाजी की। सभा में यूथ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी विशाल चौधरी ने कहा कि किसानों और युवाओं समेत सभी वर्गों की समस्याओं को उठाने के लिए संघर्ष करते रहेंगे और यह संघर्ष सभी को न्याय मिलने तक जारी रहेगा। सभा में यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार देश में धर्म और जाति के नाम पर जिस तरह काम कर रही है, वह घोर निंदनीय है। यहां पर मनोज चौधरी, सतपाल कटारिया, राजीव राठी, अवनीश काजला, डा. संजीव शर्मा, असजद अली ने संबोधित किया। सभा की अध्यक्षता आकिल राणा ने की।

## विधायक ने सभासदों से की शिष्टाचार भेंट



**शाहपुर।** क्षेत्रीय विधायक राजपाल बालियान से नगर पंचायत के सभासदों ने आवास पहुंचकर कि शिष्टाचार भेट। इस दौरान क्षेत्र के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, संगठन की मजबूती तथा जनहित के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। मौजूद सभासदों ने लोकदल पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने का संकल्प व्यक्त किया। क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने, आमजन की समस्याओं के समाधान एवं युवाओं को पार्टी से जोड़ने को लेकर भी सार्थक विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान सभासद सोनू सैनी, आदिल खान, आसिफ सलमानी, मनोज सैनी, कलाम अंसारी, मोहसिन रंगरेज, नामित सभासद अभिषेक चौधरी आदि मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर पति, पत्नी व बेटे की मौत

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** थाना क्षेत्र कैलावडा कलां गांव के पास ईट से लदी ट्रैक्टर-ट्राली से कुचलकर बाइक सवार पिता-बेटे की मौत हो गई,जबकि पत्नी के पैर कुचल गए। महिला को गंभीर हालत के चलते हायर सेंटर रेफर किया गया है। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। बाइक सवार तीनों कस्बा फलावदा में बीमार रिश्तेदार को देखने जा रहे थे। बाइक चला रहे युवक ने हेलमेट नहीं पहना था। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। पमनावली पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव छछरपुर 60 वर्षीय राजकुमार पुत्र मोहर सिंह बाइक पर शनिवार को 30 वर्षीय बेटा सोनू व पत्नी महेंद्री के साथ कस्बा फलावदा में बीमार रिश्तेदार को देखने जा रहा था,जैसे ही वे कैलावड़ा कलां गांव में तालाब के पास पहुंचे, तभी ईंटों से लदे ट्रैक्टर-ट्राली से तीनों को कुचल दिया। इस दुर्घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोग इकठा हो गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और लोगों से घटना की जानकारी ली। घायल पिता,पत्नी व बेटा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खतौली भेजा गया,जहां चिकित्सकों ने पिता-बेटा को मृत घोषित कर दिया,जबकि पैर कुचलने से गंभीर घायल महेंद्री को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। स्वजन भी पिता-बेटे की मौत से वहां पहुंचकर रोने-बिलखने लगे। जिन्हें पुलिस और ग्रामीणों ने ढांढस बंधाया। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्राली को छोड़कर फरार हो गया। देर शाम को महिला की भी मेरठ मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई।

## मुकदमे में आरोपी को हुई पांच वर्ष की सजा

**बुढाना।** न्यायालय ने बुढ़ाना कोतवाली के 08 साल पुराने मामले में एक आरोपी को 05 वर्ष कारावास व 05 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के कुशल निर्देशन व पुलिस अधीक्षक अपराध इंदु सिद्धार्थ के निकट पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने मामले में मजबूत पैरवी की। न्यायालय एडीजे एफटीसी-03 मुजफ्फरनगर ने बुढ़ाना कोतवाली में पंजीकृत मुकदमे में आरोपी फरीद आलम को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। बीती वर्ष 2017 में बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में आरोपी ने जहर खुरानी कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया था। विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया था।

# गाय चोरों से मुठभेड़, प्रियांशु घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** जानसठ सीओ के नेतृत्व में गाय चोरी के आरोपियों से पुलिस की मुठभेड हुई जहां गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया, जबकि उसके साथी को भी गिरफ्तार कर लिया और तीसरा साथी फरार हो गया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गाय बरामद कर ली है।

बता दे कि तीस अप्रैल को गांव मौरकुक्का से विकास कुमार की घेर में बंदी तीन गाय चोरी हो गई थी पुलिस ने मुकदमे के बाद बदमाशों की तलाश शुरू की और शनिवार की सवेरे चार बजे निजामपुर, मुबारिकपुर बस स्टैंड के पास पुलिस व बदमाशो की मुठभेड हो गई। जहा पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश घायल हो गया, जबकि एक को मौके से दबोचा और तीसरा फरार हो गया। जिसकी पहचान प्रियांशु उर्फ निक्की निवासी मुकल्लमपुर थाना मीरापुर के रूप में हुई है।वहीं दूसरे आरोपी इरफान अंसारी निवासी भैंसी थाना खतौली को पुलिस ने कांबिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया।जबकि तीसरा आरोपी हरिद्वार निवासी तालिब अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया,जिसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई तीनों गाय,तमंचा,कारतूस बरामद कर लिया है। घायल आरा. ेपी को अस्पताल भिजवाकर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।बदमाशों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक विपिन कुमार त्यागी, उप निरीक्षक सचिन कुमार, उप निरीक्षक संजय कुमार, उप निरीक्षक विशाल राठी, हेड कांस्टेबल राजीव भारद्वाज, हेड कांस्टेबल सुहेल खान, कांस्टेबल लोकेंद्र कुमार,कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार शामिल रहे।

## केसरी ए वन कोचिंग में टॉपर्स का हुआ सम्मान

**बुढ़ाना।** कस्बे के केसरी ए वन कोचिंग संस्थान में शनिवार को छात्र सम्मान समारोह का भव्य आयोजन हुआ।

समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉपर्स व मेधावी छात्र गिफ्ट व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किये गये। यहां मान्यता, तनया, सना व केशव समेत सब प्रतिभागी छात्रों को शानदार पुरस्कार दिए गए। संस्थान की ओर से उपस्थित प्रत्येक छात्र को गिफ्ट एवं प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों ने कोचिंग संस्थान की इस पहल की सराहना की। अभिभावकों ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के मनोबल को बढ़ाते हैं।

# अधिवक्ता ने समाधान दिवस में की शिकायत

**बुढ़ाना।** अधिवक्ता एहतेशाम सिद्दीकी ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में संबंधित अधिकारियों को एक शिकायती पत्र देते हुए बतलाया कि नगर पंचायत द्वारा स्वकर निर्धारण प्रणाली के अन्तर्गत वसूला जाने वाला गृहकर मनमाने तरीके से वसूला जा रहा है। शासन द्वारा जारी निर्देशों में नगर पंचायतो को स्वकर निर्धारण प्रणाली के अन्तर्गत कम से कम टैक्स लगाने की गाइड लाईन भी जारी की गई परन्तु नगर पंचायत द्वारा भवनो व दुकानो पर अधिकतम टैक्स लगाया जा रहा है जो बीते वर्ष की तुलना में 8 से 10 गुना है। नगर पंचायत बुढाना द्वारा जो पैमाईश भवनो व दुकानो की कराई गई इस पैमाईश से न तो भवन स्वामियों को और न ही दुकान मालिकों को अवगत कराया गया।

स्वकर निर्धारण प्रणाली को आधार बनाकर गृहकर अधिरोपण पूर्णत गलत किया जा रहा है। कोई सुनवाई नगर पंचायत द्वारा इस बारे में नहीं की जा रही। यदि इस बारे में कोई कार्यवाही नहीं होती तो लोग न्यायालय का दरवाजा खटखटाने पर मजबूर होंगे। अब तक जो नगर पंचायत द्वारा स्वकर निर्धारण प्रणाली के अन्तर्गत गृहकर वसूला गया तथा उक्त स्वकर निर्धारण प्रणाली के विपरीत सामान्य तरीके से गृह कर वसूला गया उस रिकॉर्ड को स्वयं तलब कर निर्णय लें। यहां साबिर राणा, शकील मलिक, फारुक हसन, मोतीराम, जावेद राणा और दिनेश मौजूद थे।

# 54 नए जवानों संग फ्लाइंग मार्च, चप्पे-चप्पे पर रही नजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करने के लिए बीती शुक्रवार को बुढ़ाना पुलिस ने पैदल मार्च निकाला। क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल और कोतवाली प्रभारी सुभाष अत्री के नेतृत्व में निकले इस मार्च में हाल ही में नियुक्त 54 नए पुलिसकर्मियों ने भी हिस्सा लिया। नए जवानों की तैनाती से कस्बे में पुलिस बल और मजबूत नजर आया। पुलिस टीम ने कस्बे के मुख्य बाजार, सब्जी मंडी, बस स्टैंड, बैंक व एटीएम और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्त की। संवेदनशील स्थानों, मिश्रित आबादी वाले मोहल्लों में विशेष सतर्कता बरती गई। मार्च के दौरान पुलिस ने संदिग्ध लोगों से पूछताछ की और उनके वाहनों की सघन चे. कंग की। सीओ गजेंद्र पाल ने बीट सिपाहियों को अपने अपने इलाकों में मुखबिर तंत्र सक्रिय करने के निर्देश दिए। मार्च के बाद पुलिस अधिका. रियों ने सभी जवानों को ब्रीफ किया। सीओ और कोतवाल ने नए व पुराने पुलिसकर्मियों को सतर्कता, अनुशासन और ड्यूटी के प्रति ईमानदारी बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता संग शालीनता संवेदनशीलता से पेश आएं। कोई फरियादी थाने से निराश होकर न लौटे। त्योहारों व आयोजनों के मद्देनजर पुलिस को अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया। पुलिस के इस मार्च से कस्बे में सुरक्षा का माहौल मजबूत दिखा। बाजार में खरीदारी कर रहे लोगों ने पुलिस की सक्रियता की सराहना कर कहा कि पुलिस की मौजूदगी से असामाजिक तत्वों में डर का माहौल है।

# एआईएमआईएम सम्मेलन में संगठन मजबूत करने पर जोर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के कार्यकर्ता सम्मेलन में इस बार संगठनात्मक अनुशासन और सक्रियता सबसे बड़ा मुद्दा बनकर उभरा। पश्चिमी प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद महताब चौहान ने पदाधिकारियों की ढिलाई पर खुलकर नाराजगी जताते हुए दो टूक शब्दों में संदेश दिया जो जिम्मेदारी नहीं निभा सकता, वह पद छोड़ दे, उन्होंने निर्देश दिए कि जहां संगठन कमजोर है, वहां तुरंत नई टीम गठित की जाए और नियमित बैठकें कर कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाए। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में विशेष फोकस रखते हुए संगठन विस्तार का लक्ष्य तय किया गया। आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर भी बड़ा ऐलान करते हुए मोहम्मद महताब चौहान ने कहा कि एआईएमआईएम प्रदेश की करीब 200 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। उन्होंने भरोसा जताया कि बूथ मजबूत होगा तो जीत की राह आसान होगी। अपने संबोधन में उन्होंने पार्टी के मूल उद्देश्यकृवंचित, पिछड़े और दबे-कुचले वर्गों को न्याय दिलाने पर भी जोर दिया। साथ ही पूर्व सरकारों पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि 18 प्रतिशत आरक्षण का वादा पूरा न होने से समाज में निराशा फैली है। कार्यक्रम में प्रदेश और जिला स्तर के कई पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें चौधरी फुरकान, मौलाना इमरान अहमद कासमी, ममता अग्रवाल, बाबू मोहिब मलिक, कारी शुऐब आलम, कुँवर उस्मान एडवोकेट और सलमान कुरैशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# विधायक निम का सहकारी समितियों में औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** विधायक देवेंद्र निम ने ग्राम पहांसू और घाटहेड़ा में सहकारी समितियों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।




ग्राम पहांसू व घाटहेड़ा स्थित सहकारी समितियों के औचक निरीक्षण के दौरान विधायक देवेंद्र निम ने वहाँ मौजूद किसानों से सीधा संवाद करके उनकी सभी समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों और केंद्र प्रभारियों को गेहूं की तौल में पूरी पारदर्शिता बरतने के सख्त निर्देश दिए। विधायक ने स्पष्ट किया कि तौल में एक ग्राम की भी हेराफेरी बर्दाश्त नहीं होगी और किसानों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान का पसीना हमारी प्रगति का आधार है, इसलिए उनके साथ कोई भी अन्याय या शोषण कतई स्वीकार्य नहीं है विधायक ने चेतावनी दी कि यदि कहीं भी कोई अनियमितता पाई गई तो दोषियों के खिलाफ तत्काल कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान संजय चेयरमैन सहित किसान मौजूद रहे।

# बिना लाइसेंस चल रहा बैंकिंग का खेल, हजारों की जमा पूंजी पर मंडराया संकट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** क्षेत्र में इन दिनों अवैध बैंकिंग का कारोबार पैर पसार रहा है, जिससे आम जनता की मेहनत की कमाई पर खतरे के बादल मंडराने लगे हैं बिना किसी सरकारी अनुमति या वैध लाइसेंस के कुछ संगठित समूह बैंकिंग गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इस नेटवर्क को चलाने के लिए महिलाओं को हथियार बनाया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, इस अवैध नेटवर्क ने बड़ी संख्या में महिलाओं को अपना एजेंट बनाया है। ये महिला एजेंट गांव-गांव जाकर सामाजिक संबंधों और भरोसे का फायदा उठाती हैं। ग्रामीण और कम जागरूक महिलाओं को श्मोटे मुनाफेश का लालच देकर उनसे निवेश कराया जा रहा है। सामाजिक विश्वास के कारण लोग आसानी से इनके झांसे में आ रहे हैं, जो भविष्य में एक बड़े वित्तीय घोटाले का संकेत दे रहा है।

जांच में यह भी सामने आया है कि इस अवैध धंधे की जड़ें केवल छुटमलपुर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इसका नेटवर्क जिले तक फैल चुका है। संगठित तरीके से अलग-अलग क्षेत्रों में एजेंट नियुक्त किए गए हैं जो रोजाना लाखों रुपये इकट्ठा कर रहे हैं। कई परिवारों ने अपनी जमा पूंजी इन लुभावनी योजनाओं में लगा दी है।

अब जैसे-जैसे इस अवैध कारोबार की खबरें बाहर आ रही हैं, लोगों में अपनी रकम डूबने का डर बैठने लगा है।

# दिव्यांग बच्चों के लिए रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** प्राथमिक विद्यालय नकुड़ नंबर-2 में दिव्यांग बच्चों के शिक्षण और प्रशिक्षण के लिए रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं है, बल्कि ऐसे बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना जरूरी है। इस अवसर पर समाज सेविका प्रतिभा जैन और मुख्य अतिथि फराना राव ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ाया जा सकता है और उनमें आत्मविश्वास विकसित करना जरूरी है। स्पेशल एजुकेटर चंद्रमणि रुहेला, विपुल कुमार शर्मा और कमलेश कुमार शर्मा ने अभिभावकों को बताया कि सेंटर पर टीएलएम, स्पीच ट्रेनर, साउंड सिस्टम, खेलकूद सामग्री, ब्रेल उपकरण, टॉकिंग कैलकुलेटर सहित कई सुविधाएं उपलब्ध हैं।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक सुशील कुमार ने दिव्यांग बच्चों के नामांकन पर जोर दिया। इस दौरान राजेश जैन, निशात फातिमा, शाजिया कुरैशी, निशा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। संचालन चंद्रमणि रुहेला ने किया।

# मेहनतकश महिलाओं से कांग्रेसियों का संवाद




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** अंत. रराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर ग्रामीण क्षेत्र में महिला कांग्रेस द्वारा श्रमिक बहनों के साथ एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर खेतों में कार्यरत मेहनतकश महिलाओं से संवाद कर श्रम, समर्पण और देश निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सभी ने एकजुट होकर श्रमिकों के अधिकार, सम्मान और सशक्तिकरण पर अपने विचार साझा किए। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्वेता सैनी ने कहा कि समाज और देश की प्रगति में श्रमिक वर्ग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसे कभी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कि श्रमिक वर्ग हमारे देश की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस हमेशा श्रमिकों के अधिकारों और उनके सम्मान के लिए संघर्षरत रहेगी तथा उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। कार्यक्रम के दौरान श्रमिक महिलाओं को सम्मानित किया गया और उनके साथ मिलकर उनके मुद्दों को समझने का प्रयास किया गया। सभी ने एक स्वर में श्रमिक एकता और उनके अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया।

अंत में सभी उपस्थित महिलाओं ने श्रमिक दिवस के महत्व को समझते हुए समाज में श्रमिकों के प्रति सम्मान और सहयोग बढ़ाने का संदेश दिया।

# शोभित के 6 छात्रों का कम्पनी में चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय के 6 छात्रों का कंट्रीएडु आईटी सर्विसेज, गुरुग्राम द्वारा चयन किया गया है।

बीसीए एवं बीटेक सीएसई के 6 मेधावी छात्रों का चयन 8 लाख रुपये वार्षिक के आकर्षक पैकेज पर हुआ है। कंपनी द्वारा चयनित छात्रों को ऑफर लेटर प्रदान कर दिए गए है। कुलपति प्रो. रणजीत सिंह व कुलसचिव डॉ. महिपाल सिंह ने बधाई देते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कंपनी फाउंडर एवं सीइओ अभिषेक सिंह, एचआर. रितिक कुमार, टेक्निकल कंसलटेंट कृष्णा जोशी ने छात्रों के लिए सामूहिक चर्चा, तकनीकी और साक्षात्कार आयोजित किया था। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों को बेहतर करियर का अवसर प्रदान करने पर कंट्रीएडु आईटी सर्विसेज का आभार व्यक्त किया। प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. नवीन कुमार, सीएसई विभागाध्यक्ष प्रो. वरुण बंसल एवं डॉ. नितिन कुमार रहें।

## जागरूक किया

**गंगोह।** लाला किशनचंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा वित्तीय साक्षरता एवं जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वित्तीय समझदारी एवं समृद्ध नारी विषयक कार्यक्रम के अंतर्गत एमकॉम द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल सिंह और संचालन विभाग प्रभारी डॉ. जेबा फात्मा ने किया। डॉ. गजेंद्र कुमार, डॉ अभिलाष कुमार, डॉ शरद चौधरी, डॉ. सुनील कुमार, संदीप कुमार आदि रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने महिलाओं में वित्तीय साक्षरता से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की।

# प्रधान ही बने प्रशासक: ललित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष ललित शर्मा ने स्पष्ट किया कि मौजूदा परिस्थितियों में पंचायत चुनाव समय पर होना संभव नहीं दिख रहा है। ऐसे में सरकार निर्वाचित ग्राम प्रधानों व सदस्यों को ही प्रशासक कमेटी के रूप में नियुक्त किया जाए।

शनिवार को पेंशनर्स भवन के पास आयोजित प्रेस वार्ता में ललित शर्मा ने बताया कि ग्राम प्रधानों का कार्यकाल 26 मई 2026 को समाप्त हो रहा है, जबकि राज्य निर्वाचन आयोग ने 10 जून को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के निर्देश दिए हैं। ऐसे में चुनाव प्रक्रिया में देरी तय मानी जा रही है। उन्होंने कहा कि पंचायत राज अधिनियम की धारा 12 और धारा 3(ए) में ऐसी स्थिति से निपटने के लिए प्रशासक या प्रशासनिक समिति के गठन का प्रावधान है। हालांकि, पूर्व में एडीओ पंचायत को प्रशासक नियुक्त किया जाता रहा है, लेकिन वर्तमान हालात में यह व्यवस्था पर्याप्त नहीं है। ललित शर्मा ने मांग उठाई कि मौजूदा निर्वाचित ग्राम प्रधानों और पंचायत सदस्यों को ही प्रशास. निक समिति के रूप में कार्य करने की अनुमति दी जाए ताकि गांवों में विकास कार्य प्रभावित न हों और पंचायत व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे। प्रेस वार्ता में मनरेगा मजदूरी भुगतान, गोसंवर्द्धन एवं गो संरक्षण योजनाओं की धीमी प्रगति पर भी चिंता जताई गई।

# अन्नपूर्णा रसोई का आयोजन कर भोजन का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** अन्नपूर्णा रसोई का आयोजन कर निशुल्क भोजन वितरित किया। इस अवसर पर रसोई को सुचारू रूप से चलाने का संकल्प दोहराया।

आर्य समाज मंदिर पर 5 वीं अन्नपूर्णा रसोई चलाई गई। अन्नपूर्णा रसोई का शुभारंभ शिव मंदिर में उज्वल बंसल, मुकेश गोयल ने भोग लगाकर किया।आयोजित रसोई में संकड़ों लोगों ने निशुल्क भोजन प्राप्त किया। रसोई में डॉ सुभाष सैनी का पूर्ण सहयोग और समर्पण रहा। उन्होंने कहा कि मुझे यह प्रेरणा अपने पिता जय सिंह सैनी से मिली, जिनकी आज पुण्य तिथि भी है। अन्नपूर्णा रसोई के संच.




ालक लायंस क्लब गंगोह सेंट्रल और सिम्मी वेलफेयर फाउंडेशन है।

फाउंडेशन सचिव लायन प्रदीप तायल ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति अन्नपूर्णा रसोई का आयोजन अपनो के लिए करा सकता है। व्यवस्था के लिए क्लब और फाउंडेशन के अधिकारियों से संपर्क करे। स्थान और समय आयोजक की सहमति से ही होगा। इस अवसर पर अरविंद कपूर, पल्लवी अरोड़ा, सपना टेबक, निशा बंसल, नीलम बंसल, अरविंद टेबक आदि उपस्थित रहे।

**न्यायालय अपर आयुक्त (प्रशासन) सहारनपुर मण्डल सहारनपुर।**

अपील वाद संख्या 748/2023 धारा 207 उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006
ग्राम सरवट परगना तहसील मुजफ्फरनगर

राजकुमार **बनाम** राजपाल आदि

1- राजकुमार पुत्र रघवीर निवासी ग्राम बझेडी हाल निवासी म0न0 1555 जनकपुरी शहर परगना तहसील व जिला मुजफ्फरनगर। **.....अपीलार्थी**

प्रस्तुत - अपील राजकुमार पुत्र रघवीर निवासी ग्राम बझेडी हाल निवासी म0 न0 1555 जनकपुरी शहर परगना तहसील व जिला मुजफ्फरनगर की ओर से 4-राजपाल पुत्र रघुवीर 2-श्रीमती जगरोशनी पत्नी राजपाल निवासीगण म0न0 1510 जनकपुरी शहर निवासी जनकपुरी शहर परगना तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर 3/1-राजेन्द्र पुत्र स्व0 3/2 खुर्शीदा पत्नी स्व0 फूल सिंह पुत्र शंकर निवासी जनकपुरी शहर परगना तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर 4-सोमपाल पुत्र स्व अमर सिंह, 5-वेदवती पत्नी स्व0 ओमपाल, 6-सचिन 7-अंकुर, 8-अंकित पुत्रगण स्व0 ओमपाल सभी (वारसान मुतक अमर सिंह पुत्र सुरजा हाल निवासी जनकपुरी शहर परगना तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर 9- रवि, 10- नीरज पुत्रगण स्व0 रामसिंह हाल निवासी ग्राम तिगरी परगना भुम्मा सम्बलहेडा तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर (वारसान मृतक रामसिंह पुत्र सुरजा), 11- हाजी इनाम पुत्र सगीर अहमद निवासी ग्राम बझेडी परगना तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर, 12- ग्राम पंचायत ग्राम सरवट बाहर हदूद परगना तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर द्वारा ग्रान प्रधान, 13- उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कलेक्टर मुजफ्फरनगर को पक्षकार बनाते हुए उपजिलाधिकारी सदर मुजफ्फरनगर द्वारा वाद संख्या कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या टी201809550106422 जगरोशनी बनाम राजकुमार आदि अन्तर्गत धारा 144 उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 पारित आदेश दिनां 02.06.2023 के विरुद्ध अपील योजित हुई है, जिसमें आपको भी पक्षकार बनाया गया है तथा इस अपील में गजट प्रकाशन की प्रति दाखिल करने हेतु दिनांक 4/5/2026 नियत है। अत: इस नोटिस सूचना के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 4/5/2026 को प्रात: 10:00 बजे अपने अधिवक्ता सहित अपील की पैरवी हेतु न्यायालय में उपस्थित हों। यदि सूचना के बाद आप उपस्थित नहीं होते हैं तो यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है तथा न्यायालय द्वारा आदेश पारित किये जायेंगे।

दिनांक 20.03.2026

**आज्ञा से**

**अपर आयुक्त (प्रशासन) सहारनपुर मण्डल सहारनपुर।**

# स्कूल का संचालन बना टेढ़ी खीर: योगेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष योगेश शर्मा ने कहा की मान्यता प्राप्त निजी स्कूल संचालित करना के टेडी खीर हो गई है वर्तमान सरकार ने हमारे भगवान स्वरूप अभिभावकों को निजी स्कूलो का दुश्मन बना दिया है।



सरसावा रोड के अलीपुरा गांव के जे बी एस पब्लिक स्कूल में उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ की महत्वपूर्ण बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि हमारे स्कूल में लगी किताब यदि किसी व्यक्ति को महंगी लग रही है तो वह सरकारी किताब लेकर सरक. ारी स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाई सरकार के गलत नीतियों के कारण आए दिन निजी स्कूल और अभिभावकों में दरार पैदा हो रही है।

महामंत्री अरविंद शर्मा कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने सिंह पवार ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग किताबों किताबों के नाम पर आधारित मान्यता प्राप्त स्कूलों के संचार को का शोषण कर रहे हैं हमें यदि सरकार मानदेय अनुदान या कोई वितय सहायता देना शुरू करें तो हम सरकार के कानून के लिए बाध्य होंगे वरना स्कूलों में फीस स्कूलों की छुट्टी समय निर्धारण सब हम अपनी सुविधा के अनुसार ही स्कूल संच. ालित किया जाएंगे। इस अवसर पर धनंजय शर्मासुनील शर्मा जुबेर आलम बृजमोहन शर्मा दिनेश तोमर आक. ाश कुमार शिवलाल प्रवीण शर्मा मोहम्मद राशिद हंस कुमार अरविंद शर्मा अजय सिंह रावत वीरेंद्र कुमार अर्जुन शर्मा अरविंद शर्मा संजय शर्मा आदि उपस्थित रहे धनंजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।सचिन शर्मा को संगठन का सरसावा ब्लॉक अध्यक्ष और जुबेर आलम को सरसावा ब्लाक का प्रभारी सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया।

# सीवर लाइन चोक से गलियों में भरा गंदा पानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शहर के वार्ड 12 नूर बस्ती और वार्ड 27 माधव नगर में सीवर लाइन चौक होने से हालात बद से बदतर हो गए हैं। गलियों में गंदा पानी भरा होने से लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है।

स्थानीय पार्षद गुलशन कलीम ने बताया कि सीवर लाइन जाम होने से पूरी बस्ती में गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। लोगों के घरों के आगे जलभराव के कारण चलने का रास्ता तक बंद हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है, जिनका गंदे पानी से होकर स्कूल जाना दूभर हो गया है। बीमारी फैलने का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है।

**संबंध विच्छेद/बेदखली**

मेरे पुत्र नदीम, कलीम, फहीम के दुर्व्यवहार व गलत संगत में पड़ने के कारण अपने हर प्रकार के संबंध विच्छेद करता हूँ तथा अपनी समस्त चल अचल संपत्ति व संबंधों से बेदखल करता हूँ। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**मौ० नईम पुत्र मौ० यामीन**
निवासी: म0नं0-12/1072, दाऊद सराये, नजदीक नाईयों वाली गली सहारनपुर। आधार नं. 7137 1122 5026, मोबाईल नं. 6397683938.

**जन सूचना**

**अभिभावक नाम परिवर्तन**

1) मेरे पासपोर्ट नं0 M7118256 में माता-पिता का नाम व जन्म स्थान त्रुटिपूर्ण तरीके से लिखा गया है।
2) जन्म प्रमाण-पत्र के आधार पर माता का नाम रईसा बेगम RAISA BEGUM, पिता का नाम शब्बीर अहमद SHABBIR AHMAD व जन्म स्थान देवबंद DEOBAND है। भविष्य में इसी नाम से पुकारा जाए।
3) मौहम्मद हारिस गुल पुत्र शब्बीर अहमद, निवासी मोहल्ला किला, निकट नेहरू चौक, देवबंद जिला सहारनपुर, उ0प्र0। पिन कोड 247554 मो0न0 9368466265 है।

## ज्ञापन सौंपा

**सहारनपुर।** सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी की महिला विंग द्वारा महिला आरक्षण विधेयक व महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु केंद्र सरकार द्वारा किए जाने वाले प्रयासों की सराहना करते हुए एक आभार पत्र आज भारतीय जनता पार्टी के महासचिव अरुण सिंह का स्वागत कर सम्मान पत्र भेंट किया।

# आईपीएल के 7 सट्टेबाज गिरफ्तार

**सहारनपुर/सरसावा।** थाना सरसावा पुलिस ने आईपीएल सट्टेबाज गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सात शातिर सट्टेबाजों को दबा. चकर उनके कब्जे से लाखों रूपए की नगदी, दो कार, एक केलकुलेटर, तीन रजिस्टर व 15 मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने पुलिस लाईन सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि थाना सरसावा पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक प्रवेश कुमार, उपनिरीक्षक अतुल कुमार, उपनिरीक्षक राममेहर सिंह व उपनिरीक्षक सौरभ यादव के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर आईपीएल मैचों में सट्टा लगाने वाले सात सट्टेबाजों मनोज कुमार पुत्र मानसिंह व धीरज कुमार पुत्र पुरूषोत्तम कुमार निवासीगण महादेव कालोनी थाना यमुनानगर शहर जिला यमुनानगर हरियाणा, अजय कुमार व विशाल कुमार पुत्रगण रविंद्र कुमार निवासीगण मुंडा माजरा यमुना नगर थाना यमुना नगर हरियाणा, उत्तम कुमार पुत्र दुष्यंत कुमार निवासी ग्राम गंदेवड़ा थाना गढ़ी पुख्ता जिला शामली, अर्शदीप पुत्र वीरेंद्र कुमार व धर्मपाल निवासी रूपचंद निवसीगण जम्मू कालोनी यमुनानगर गांधी नगर जिला यमुना नगर हरियाणा को रायपुर रोड देहरादून अम्बाला हाइवे बाबा दा ढाबा के पास खाली पड़ी जगह में खड़ी दो गाड़ियों से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक लाख 27 हजार रूपए की नगदी, दो गाड़ी संख्या होंडा आमेज एचपी-17एफ-6134 व क्रेटा संख्या-एचआर-02बीबी/ 1733, 1 केलकुलेटर, 3 रजिस्टर व 15 मोबाइल फोन7 बरामद कर लिए। एसएसपी अभिनंदन ने बताया कि दबोचे गए सट्टेबाजों ने पूछताछ के दौरान बताया कि जब क्रिकेट/आईपीएल के मैच होते हैं तो हम लोगों ऑनलाईन सट्टे लगवाते हैं जिससे हमारी मोटी कमाई होती है। बरामद नगदी सट्टेबाजी से हासिल की गई थी। पुलिस ने आरोपियों का जुआ अधिनियम की धारा-3/4 के तहत चालान काटकर जेल भेज दिया।

## नाबालिग को तलाश रही पुलिस

**सहारनपुर।** कोतवाली नगर क्षेत्र में एक नाबालिग के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला गंभीर होता जा रहा है।

पुलिस पूछताछ में सामने आई जानकारी के आधार पर चिलकाना रोड स्थित पूर्वी यमुना नहर में बच्चे को फेंके जाने की आशंका के चलते सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन देर शाम तक बच्चे का कोई सुराग नहीं मिल सका। बताया जात है केशव नगर, नुमाइश कैंप निवासी 14 वर्षीय अंशुमन पुत्र बालकृष्ण शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे घर से बाजार जाने के लिए निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। काफी तलाश के बाद परिजनों ने थाना कोतवाली नगर में गुमशुदगी दर्ज कराई।

# राष्ट्रीय महासचिव का छुटमलपुर में स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** रुड़की रोड स्थित देवरत्न पैलेस में मां शाकुंभरी देवी के लिए जाते समय राज्यसभा सांसद राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह का भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटका पहना कर एवं बुके देकर जोरदार स्वागत किया।

उन्होंने बताया कि उनका कार्यक्रम शिव गोरक्ष कृपा शक्ति धाम मंदिर सतपुरा में उद्घाटन का कार्यक्रम है उसके बाद महिला जन आक्रोश सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह का शाकंभरी माता देवी जाते समय बरौली में सोनेद्र राणा चौयरमेन डी सी डीएफ के नेतृत्व में भी



कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह राणा, विधायक नकुड मुकेश चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, प्रदेश मंत्री ओबीसी मोर्चा बिजेन्द्र कश्यप, पूर्व विधायक नरेश सैनी, महिपाल माजरा, मंडल अध्यक्ष अमित सेन, वरिष्ठ भाजपा नेता साहब सिंह पुंडीर, अभय प्रताप सिंह राणा , जिला कार्यकारिणी सदस्य अंकित वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख कुलबीर सिंह राणा, मुल्की राजसैनी,योगेश प्रधान वरिष्ठ भाजपा नेता सजय राणा वरिष्ठ समाज सेवी नीरज जैन, मंडल उपाध्यक्ष मंजू शर्मा बबीता काम्बोज, अंकुर सैनी विनोद गोयल राहुल कश्यप,मंडल मंत्री मोनी काम्बोज, विजय राणा, सुखपाल प्रधान, सुलेख प्रधान विजयपाल राणा प्रधान धर्मपाल सैनी, रेनू काम्बोज, रेनू सैनी, उर्मिला सैनी, लवि शर्मा, रोहित राणा , परविंदर राणा,मनोज महेश्वरी मास्टर ओम प्रकाश सैनी, बब्बू राठौर, अंकित राज, गगन वर्मा, विकास राठौड़, संदीप वर्मा, गुलजार मलिक आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे

## हनी ट्रेप ब्लैकमेलिंग और कत्ल का खूनी खेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना मिर्जापुर, बड़गांव, सर्विलांस व स्वाट की संयुक्त टीमों ने दोहरे हत्याकांड का खुलासा करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त एक चाकू, एक हथौड़ा, एक पिस्टल 32 बोर व दो कार बरामद कर ली।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने पुलिस लाईन सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 28 अप्रैल को रात्रि 12 बजे वादी शहजाद पुत्र अय्यूब निवासी ग्राम रजापुर थाना मिर्जापुर ने थाने में लिखित तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात बदमाशों ने एक अज्ञात महिला की चाकुओं से वार कर हत्या करके शव को छिपाने से कासमपुर से जसमौर जाने वाले रजवाहे में रजापुर नौगांवा क्षेत्र के रजवाहे में फेंक दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। एसएसपी अभिनंदन ने बताया कि पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक सूबे. सिंह, सर्विलांस प्रभारी निरीध्क्षक संतोष त्यागी, स्वाट टीम प्रभारी उपनिरीक्षक नीरज कुमार व थाना प्रभारी बड़गांव उपनिरीक्षक अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस द्वारा जारी किए गए पम्पलेट व सोशल मीडिया के माध्यम से 30 अप्रैल को अज्ञात महिला की शिनाख्त राखी पुत्री रामनिवासा निवासी रामपुर खानपुर थाना बड़ौत जिला बागपत के रूप में हुई थी। एसएसपी ने बताया कि मिर्जापुर पुलिस ने आज मामले का खुलासा करते हुए प्रकाश में आए दो शातिर आरोपियों कपिल पुत्र रतन सिंह व सुधारस पुत्र समय सिंह चौहान निवासीगण कस्बा व थाना बागपत जिला बागपत को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे/निशानदेही पर राखी की हत्या में प्रयोग की गई गाड़ी टाटा नैक्सोन यूपी17एबी/6989 व एक लाइसेंसी पिस्टल 32 बोर, एक हथौड़ा, एक चाकू व सुधारस की खून में सनी टीशर्ट, गर्म चादर व 3 मोबाइल फोन बरामद कर लिए। एसएसपी ने बताया कि दबोचे गए आरोपी सुधारस ने पुलिस को पूछताछ के दौरान बताया कि मृतका राखी और मृतक विक्रांत के बीच जनपद मथुरा स्थित एक प्लाट को लेकर विवाद चल रहा था। कुछ समय पूर्व राखी ने उसके फ्लैट पर एक लड़की के साथ मेरी आपत्तिजनक वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी दी थी और मुझसे 25 लाख रूपए ऐंठ लिए थे। रूपए लेने के बाद राखी मुझे ब्लैक मेल कर रही थी जिसके बदले में मैंने राखी के साथ मिलकर विक्रांत की हत्या कर दी थी। मुझे डर था कि कहीं राखी मुझे विक्रांत की हत्या में ब्लैकमेल न कर दे। इसलिए मैंने अपने साथी कपिल के साथ मिलकर फतेहपुर कलां के जंगल में राखी की हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## ग्लोकल यूनिवर्सिटी में प्रतिभागियों का सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल यूनिवर्सिटी में हैकाथॉन और गेमिंग प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम एपीसी एकेडमिक प्रोफेसर डॉ. ओम कुमार हर्ष, एपीसी फाइनेंस सैयद निजामुद्दीन तथा रजिस्ट्रार प्रोफेसर शिवानी तिवारी के संरक्षण में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम का संचालन डीन, स्कूल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, प्रो. मुहम्मद मजहर के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी हैकाथॉन एसपोसी सुश्री फातिमा परवीन अकील तथा फैकल्टी कोऑर्डिनेटर्स सुश्री साक्षी लांबा, डॉ. फराज खघन और श्री सनाउल्लाह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह सम्मान समारोह उन विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया, जिन्होंने देश भगत विश्वविद्यालय में आयोजित च्जीपिदकमत 3.0 हैकाथॉन और गेमिंग टूर्नामेंट में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। ग्लोकल यूनिवर्सिटी की हैकाथॉन टीमों ने अपनी प्रतिभा और नवाचार का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता के अंतिम चरण में स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, रचनात्मकता और टीम भावना को प्रोत्साहित करना था। गेमिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने भी अपनी रणनीतिक सोच, एकाग्रता और टीम वर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

यह आयोजन विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सम्मानित करने के साथ-साथ विश्वविद्यालय में नवाचार और उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## अखिलेश से मिले पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सियासत में हलचल तेज हो गई है। इसी कड़ी में शुक्रवार को सहारनपुर के कद्दावर नेता व पूर्व सांसद हाजी फजलुर रहमान ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से शिष्टाचार भेंट की।



लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में मुलाकात के दौरान पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने सपा मुखिया को भगवान गौतम बुद्ध की तस्वीरभेंट की और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। करीब 40 मिनट चली इस बैठक में सहारनपुर मंडल के संगठनात्मक ढांचे, बूथ स्तर तक पार्टी की मजबूती और आगामी पंचायत चुनावों की रणनीति पर गहन चर्चा हुई। हाजी फजलुर रहमान ने अखिलेश यादव को सहारनपुर में गन्ना किसानों का बकाया भुगतान, बेरोजगारी, की जमीनी स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने जिले में सपा के जनाधार को और मजबूत करने के लिए सुझाव भी दिए। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा पीडीए की लड़ाई लड़ रही है। सहारनपुर में पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक एकजुट हैं।

इस दौरान सपा एससी एसटी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल भारती भी मौजूद रहे।

## हाजी सरफराज, नरेश व विजय को सहारनपुर मंडल की जिम्मेंदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एक कददावर के इशारे पर निष्कासित किये गये और बाद में बहन मायावती द्वारा पार्टी में लेने के बाद हाजी सरफराज राईन के अलावा नरेश गौतम व विजयपाल को संयुक्त रूप से सहारनपुर मंडल की जिम्मेंदारी दी गई है। वहीं बसपा के नेशनल कोर्डिनेटर रहे रणधीर सिंह बेनीवाल को सेक्टर चार हिमालच प्रदेश व जम्मू कश्मीर का मुख्य सेक्टर प्रभारी बनाया गया है, जबकि इससे पूर्व व चार प्रदेशों के प्रभारी थे।







बसपा सुप्रीमो सुश्री मायावती ने आने वाले चुनावों के दृष्टिगत और पार्टी को मजबूती देने के लिये बडा फेरबदल किया है। सहारनपुर के रहने वाले नेशनल कोर्डिनेटर रहे रणधीर सिंह बेनीवाल को अब केवल सेक्टर चार की जिम्मेंदारी दी गई है। सैक्टर चार में हिमाचल प्रदेश व जम्मू कश्मीर आते है। उनके साथ हरियाणा के दयानंद को भी यहां मुख्य सेक्टर प्रभारी बनाया गया है। इसके अलतावा जम्मू कश्मीर में केंद्रीय स्टेट प्रभारी की जिम्मेंदारी प्रताप सिंह को दी गई है। वहीं हिमाचल प्रदेश का केंद्रीय स्टेट प्रभारी पूर्व एमएलसी डा.मेघराज को बनाया गया है।

बताते चले कि सेक्टर चार में पहले चार राज्य पंजाब, चंडीगढ, हरियाणा व राजस्थान आते थे, लेकिन अब इसमें हिमाचल प्रदेश व जम्मू कश्मीर ही शामिल है।

बसपा नेतृत्व ने जिले में भी फेरबदल किया है। अब विजय सिंह, नरेश गौतम और हाजी सरफराज राईन को मंडल में संयुक्त रूप से पार्टी के कार्य मिल बांटकर करने होंगे। वहीं पूर्व सांसद मुनकाद अली को सहारनपुर मंडल में अधिक से अधिक समय देने के निर्देश दिये गये है। साथ ही सहारनपुर मंडल जोन के प्रत्येक जिले की उसकी प्रत्येक विधानसभा में दो के हिसाब से विधानसभावार प्रभारी बनाये गये है जो केवल अपनी अपनी विधानसभा में सेक्टर बांटकर पार्टी के कार्य करेंगे।

### बसपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिले में बसपा के निष्ठावान पदाधिकारियों को बाहर का रास्ता दिखलाने वाले नेताओं की अब बहनजी ने जिले में दखलंदाजी बंद कर दूसरे प्रदेशों का रास्ता दिखाया है। जिसे लेकर बसपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है।

जिस तरह से एक कद्दावर नेता के इशारे पर निष्ठावान पदाधिकारियों की निष्ठा पर कुठाराघात किया गया था। उस पर बहनजी द्वारा की गई कार्रवाई से कार्यकर्ता खुश है।

## दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे के दो टोल पर हो रही लूटः उमर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा के बेहट विधायक उमर अली खान ने सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस वे पर 20 किलोमीटर के दायरे में दो टोल पर हो रही लूट को लेकर पत्र लिखा है।



■ विधायक उमर अली खान ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को लिखा पत्र

पत्र में विधायक उमर अली खान ने लिख है कि जिस चमारीखेड़ा टोल पर पहले 35 रुपये लिए जाते थे वहां अब 85 रुपये वसूले जा रहे हैं और नए टोल गणेशपुर पर 150 रुपये वसूले जा रहे हैं, नियम के अनुसार नेशनल हाईवे पर 50 किलोमीटर से पहले दूसरा टोल वसूली नही कर सकता मगर यहां नियमो की धज्जियां उड़ाकर 20 किलोमीटर की दूरी पर दो टोल वसूली कर रहे हैं।

## मां शाकंभरी दरबार पहुंचे भाजपा राष्ट्रीय महासचिव अरूण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** माता शाकंभरी देवी की पावन धरा बेहट विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह के आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने पलक-पांवड़े बिछा दिए। भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एवं डीसीडीएफ डायरेक्टर देवेन्द्र सिंह राणा के नेतृत्व में भारी संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और जोरदार नारेबाजी के साथ उनका भव्य स्वागत किया।



राष्ट्रीय महासचिव के बेहट पहुँचने पर माहौल पूरी तरह भगवामय नजर आया। देवेन्द्र सिंह राणा ने उनकी अगवानी करते हुए उन्हें फूलों का गुलदस्ता और माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान अरुण सिंह ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की मजबूती और आगामी लक्ष्यों पर चर्चा की।

स्वागत समारोह में क्षेत्र के कई दिग्गज नेता और जनप्रतिनिधि शामिल हुए, जिनमें मुख्य रूप से घ्वरिष्ठ भाजपा नेता अभय राणा, पूर्व विधायक नरेश सैनी, अजीत राणा जिलाध्यक्ष भाजपा, चौधरी विश्वास (ब्लॉक प्रमुख), सोनेन्द्र राणा (चेयरमैन डीसीडीएफ, गौरव राणा (क्षेत्रीय सदस्य भाजपा), अनिल सिंघल (सभासद), सचिन गर्ग (मीडिया प्रभारी) घ्मंडल अध्यक्षः बिजेंद्र सैनी, सत्येंद्र (मंडल अध्यक्ष साढौली कदीम) मौजूद रहे।

इस अवसर पर आनंद राणा, बंसी उपाध्याय, दीपक अग्रवाल, विजय कश्यप और मुख्तार अहमद समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय महासचिव का दौरा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा फूंकने का काम करेगा। कार्यक्रम के अंत में देवेन्द्र सिंह राणा ने सभी का आभार व्यक्त किया और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया।

## सरकारी भवनों में हो गोबर निर्मित पेंट का उपयोगः डा. अजय

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर सहारनपुर मंडल के सभी सरकारी भवनों में नगर निगम द्वारा संचालित कान्हा उपवन गौशाला में गोबर से निर्मित खादी प्राकृतिक गोमय पेंट का उपयोग कर उक्त भवनों को ग्रीन बिल्डिंग के रुप में विकसित करने का सुझाव दिया।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशों के अनुसार नगर निगम सहारनपुर द्वारा संचालित मां शाकुम्भरी कान्हा उपवन गौशाला को आत्म निर्भर बनाने के लिए गौशाला द्वारा गाय के गोबर से गोमय प्राकृतिक पेंट का निर्माण किया जा रहा है। देश की तीन बड़ी प्रयोगशालाओं द्वारा उक्त पेंट की गुणवत्ता का परीक्षण भी किया जा चुका है। गोमय प्राकृतिक पेंट जीवाणुरोधक, एंटीफंगल, पर्यावरणपूरक, ऊष्णतारोधक, किफायती, गंधरहित, विषरहित तथा भारी धातुओं से मुक्त जैसे अष्टलाभ से परिपूर्ण है। महापौर ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि मंडल के शासकीय भवनों को ग्रीन बिल्डिंग के रुप में विकसित करने की संकल्पना और गौशाला को आत्म निर्भर बनाने हेतु मंडल के समस्त शासकीय भवनों में गोमय पेंट अनिवार्य बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित करें।

## चार शातिर गौकश पुलिस के हत्थे चढ़े



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने अवैध पशु कटान गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार शातिर गौकशों को गिरफ्तार उनके कब्जे से पशु कटान के उपकरण बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक सतपाल भार्टी व उपनिरीक्षक प्रेमपाल सिंह के नेतृत्व में चैकिंग के दौरान मंडी समिति के पीछे आजाद कालोनी में मेन रोड पर औरंगजेब की दुकान/ गोदाम के पास से चार शातिर गौतस्करों बहार अहमद उर्फ कालू पुत्र जियाउल हक व कासिफ पुत्र बहार अहमद उर्फ कालू निवासीगण आजाद कालोनी थाना मंडी, तमकीन पुत्र तसलीम निवासी हलवाईयान मस्जिद के कमेला कालोनी तथा मौहम्मद तौफीक पुत्र जरीफ निवासी धोबीवाला थाना मंडी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4 कुंतल मांस, अवशेष, कटान के उपकरण आदि बरामद कर लिए। पुलिस ने आरोपियों वांछित धाराओं में चालान काटकर जेल भेज दिया।

## सीएम से मिले डा. अजय, शहर के लिए मांगे दो ओवरब्रिज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर शहर में दो फ्लाईओवर बनवाने की मांग की। इसके अलावा महापौर डॉ. अजय कुमार ने ढमोला नदी से सिल्ट/गार्बेज/स्लश आदि की सफाई तथा क्रेगी नाले की निर्माण योजना के लिए धनराशि स्वीकृत करने के लिए सहारनपुर की जनता की ओर से मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त किया।



महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज मुख्यमंत्री आदित्यनाथ से उनके लखनऊ स्थित निवास पर मुलाकात की और उन्हें एक पत्र देकर शहर में दो फ्लाई ओवर बनवाने की मांग की। महापौर ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि सहारनपुर में बढ़ती जनसंख्या एवं अत्यधिक ट्रैफिक होने के कारण नगर में जाम की स्थिति बनी रहती है। नगर के दक्षिणी छोर पर गत तीन दशकों से मात्र तीन पुल ही स्थापित है जो शिक्षण संस्थाओं, हॉस्पिटल, न्यायालय, कलक्ट्रेट, विकास भवन व जीएसटी कार्यालय को जोड़ते हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए तथा लोगों को अपने सरकारी कार्यो के लिए इन तीन पुलों से ही होकर गुजरना पड़ता है जिस कारण अनावश्यक जाम की स्थिति और विलंब होता है। महापौर ने सदर थाना से लेकर अम्बेडकर चौक तक तथा गुरुद्वारा रोड से रेलवे लाइन को पार कर रेलवे स्टेशन के नवनिर्मित दक्षिणी केंद्र तक फ्लाई ओवर बनवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इन फ्लाई ओवर के निर्माण से शहर में आवागमन सुविधाजनक होगा और लोगों को काफी हद तक जाम से मुक्ति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने इस विषय पर गंभीर दृष्टिकोण दिखाते हुए इस दिशा में कदम उठाने का आश्वासन दिया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने मुख्यमंत्री को पत्र देकर पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अंतर्गत सहारनपुर के शहरी क्षेत्र (शाकुंभरी विहार से ग्राम पिंजौरा तक) ढमोला नदी से सिल्ट/गार्बेज/स्लश आदि के सफाई कार्यो की परियोजना स्वीकृत कर धनराशि अवमुक्त करने के लिए आभार जताया। उन्होंने एक अन्य पत्र देकर अर्बन फ्लड/जल प्लावन नियंत्रण एवं स्टार्म वाटर ड्रेनेज योजनान्तर्गत क्रेगी नाले की निर्माण परियोजना को स्वीकृति देने और उसके लिए धनराशि अवमुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त किया।

## नारी वंदन अधिनियम पारित न होना चिंतनीयः अरूण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने नारी वंदन अधिनियम के लोकसभा में पारित न होने पर गहरी चिंता व्यक्त की।




लिंक रोड स्थित एक पैलेस में आयोजित महिला जन आक्रोश सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब देश की माताओं-बहनों के हित में एक महत्वपूर्ण कानून लाने का प्रयास किया गया जिसमें लोकसभा व विधान सभा में 33रू आरक्षण मिलता तब कुछ राजनीतिक दलों ने अपने स्वार्थ के चलते इसे रोकने का काम किया। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने केवल राजनीति करने के उद्देश्य से इस मुद्दे को बाधित किया, जिससे महिलाओं की अपेक्षाओं को ठेस पहुंची है। राष्ट्रीय महामंत्री ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और ऐसे प्रयास भविष्य में भी जारी रहेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार महिलाओं के अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी। उन्होंने सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और ऐसे मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद करें ताकि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके। क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार हमारे साथ हर कदम पर खड़ी है। बहुत सारे योजनाएं महिला शक्ति के लिए चलाई गई है जिनका लाभ हम सबको मिल रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, नगर विधायक राजीव गुंबर, प्रदेश मंत्री नूतन शर्मा, अल्पना तलवार, सुषमा बजाज, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चे की क्षेत्रीय मंत्री मोनिका गंगयान, कुसुम अग्रवाल, नीलू राणा, कंचन धवन सहित भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

## श्री खाटू श्याम करते हैं कल्याणः कालेन्द्रानंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** चमत्कारी श्री खाटू श्याम मंदिर वार्षिकोत्सव उपलक्ष में खाटू श्याम पालकी यात्रा अवसर पर स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा खाटू श्याम शरण में आए भक्त का अवश्य कल्याण करते हैं।

राधा विहार स्थित श्री रामकृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्वाधान में आयोजित चमत्कारी श्री खाटू श्याम मंदिर वार्षिकोत्सव उपलक्ष में खाटू श्याम पालकी यात्रा पारस पुरम से प्रारंभ होकर शाकंभरी बिहार महाराजा गार्डन प्रेमपुरी बेड रोड तोता चौक बाबैल बुजुर्ग कलसिया बेहट कस्बे में जाकर आज का विश्राम दिया गया। लोगों ने पुष्पों से खाटू श्याम की जय श्री श्याम की जय करो से वातावरण भक्ति में हो गया।

## राष्ट्रीय नेताओं ने जाना गौरव का स्वास्थ्य हाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने किसान नौजवान बचाओ यात्रा के समापन के उपरांत आवास विकास स्थित युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव वर्मा के आवास पर पहुंचकर उनका हाल-चाल जाना।



गौरव वर्मा हाल ही में एक हादसे में घायल हो गए थे और तब से घर पर रहते हुए ही यात्रा का संचालन कर रहे थे। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने गौरव वर्मा द्वारा विपरीत परिस्थितियों में भी यात्रा का सफल नेतृत्व करने पर उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे समर्पित और जुझारू युवा साथियों के बल पर ही कांग्रेस संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने गौरव वर्मा का उत्साहवर्धन करते हुए शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की। इससे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब बीमार चल रहे पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता शयान मसूद से उनके आवास पर मिलने पहुंचे और उनका हल जानकर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस (पश्चिम उत्तर प्रदेश) पारस शुक्ला, भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव विशाल चौधरी, पदयात्रा संयोजक रजत यादव, पूर्व महानगर अध्यक्ष वरूण शर्मा व प्रवीण चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

